झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ।

विज्ञापन

झारखण्ड राज्य सूचना आयोग, राँची में मुख्य सूचना आयुक्त के 1 (एक) रिक्त पद एवं सूचना आयुक्तों के कुल 6 (छः) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक योग्य एवं अर्हताधारी व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. **वेतन** :– 2,25,000/– (रु. दो लाख पच्चीस हजार) प्रति माह (नियत) एवं अन्य अनुमान्य भत्ते।
   पदावधिः– यथास्थिति, मुख्य सूचना आयुक्त/राज्य सूचना आयुक्त, उस तारीख से जिसको वह अपना पद धारण करता है, तीन वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें जो भी पूर्वतर हो, पदधारण करेगा और राज्य मुख्य सूचना आयुक्त/सूचना आयुक्त पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
2. **अर्हता** :– आवेदक विधि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता, जन सम्पर्क माध्यम या प्रशासन तथा शासन का व्यापक ज्ञान और अनुभव रखने वाले समाज में प्रख्यात व्यक्ति होंगे।
3. संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य या कोई अन्य लाभ के पद पर कार्यरत या किसी राजनीतिक दल से संबद्ध या किसी कारोबार या वृत्ति से संबद्ध व्यक्ति भी आवेदक हो सकते हैं परन्तु उन्हें राज्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति के पश्चात् उक्त लाभ का पद या व्यापार छोड़ना/बंद करना होगा।
4. अर्हता की अन्य शर्तें :–
   (क) आवेदक भारत का नागरिक हो।
   (ख) वह मानसिक रूप से विक्षिप्त, आर्थिक रूप से दिवालिया या किसी अपराध में संलिप्त नहीं हो।
5. मुख्य सूचना आयक्त/राज्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिये उपर्युक्त अर्हता एवं शर्तों को पूर्ण करने वाले इच्छुक व्यक्ति विहित प्रपत्र में अपना आवेदन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची–834003 को स्पीड पोस्ट अथवा निबंधित डाक के माध्यम से दिनांक 31.07.2024 संध्या 6:00 बजे तक भेज सकते हैं।
6. लिफाफे के उपर आवेदित पद का उल्लेख आवश्यक रूप से किया जाना है।
7. राज्य/केन्द्र सरकार या अन्य किसी संस्था/संगठन के अन्तर्गत सेवारत व्यक्ति अपना आवेदन समुचित माध्यम से भेजेगें।
8. अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त हुए आवेदन विचारणीय नहीं होगें।
9. विज्ञापन में वर्णित प्रावधानों एवं शर्तों में किसी भी प्रकार के संशोधन करने अथवा विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार राज्य सरकार के अधीन सुरक्षित रहेगा।

28/06/24

(प्रवीण कुमार टोप्पो)
सरकार के सचिव।

झारखण्ड राज्य सूचना आयोग, राँची में मुख्य सूचना आयुक्त/सूचना आयुक्त के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विचारार्थ आवेदन का विहित प्रपत्र

कृपया नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

1. आवेदित पद का नाम
2. आवेदक का नाम
3. पिता/पति का नाम
4. जन्म तिथि
5. वर्त्तमान पता/पत्राचार का पता

   स्थायी पता
6. दूरभाष सं०

   मोबाईल नं०
7. ई–मेल पता
8. शैक्षणिक अर्हताएँ

उत्तीर्ण परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	विषय	कुल प्राप्तांक एवं प्रतिशत
मैट्रिक				
इण्टरमीडिएट				
स्नातक				
स्नातकोत्तर				
अन्य				

9. व्यापक ज्ञान का क्षेत्र
10. अनुभव
11. ख्याति
12. वर्त्तमान व्यवसाय
13. उपलब्धियाँ (संक्षेप में)

तिथि :

स्थान :

हस्ताक्षरः–

नामः–

नोट उपर अंकित शैक्षणिक अर्हत्ता/जन्म तिथि/व्यापक ज्ञान/अनुभव/उपलब्धियों के निमित्त स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।